BRAMPTON

Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

# सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, इस सर्दी बर्फ साफ करने के लिए तैयार है

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (22 नवंबर, 2020) – सर्दी का मौसम आ गया है और ब्रैम्पटन के कर्मीदल तैयार हैं! हमारी टीम यह सुनिश्चित करन के लिए दिन-रात काम करती रही है कि हम, सड़कों, सिटी के स्वामित्व वाली पगडंडियों, ट्रांज़िट स्टॉप्स, स्कूल के चौराहों और रेक्रिएशन ट्रेल्स से बर्फ हटाने के लिए तैयार हैं, ताकि निवासी सुरक्षित रूप से अपनी मंज़िल पर पहुंच सकें।

सिटी निवासियों को याद दिलाती है कि सर्दियों के मौसम के लिए तैयार रहना एक टीम प्रयास है और हर किसी की मदद से, यह सीजन सभी के लिए अधिक सुरक्षित हो सकता है:

• बर्फ गिरने के बाद पगडंडियों से आइस, बर्फ और पिघल रही बर्फ को तुरंत साफ करें;

• गलियों में पार्किंग की अनुमति नहीं है और यह नियम सर्दी के मौसम संबंधी घटनाओं के दौरान लागू रहेगा। कृपया यह सुनिश्चित करने के लिए वाहनों को हटाएं कि बर्फ हटाने वाले और एमरजेंसी वाहन सुरक्षित तरीके से गली में आ पाएं;

• यदि बर्फ गिरने के बाद 24 घंटे से अधिक समय बीत गया है और आपकी गली पर अभी भी ध्यान देने की जरूरत है, तो सिटी को 311 पर फोन करके, 311@brampton.ca पर ईमेल करके, www.311brampton.ca पर जाकर; या 311 ऐप का प्रयोग करते हुए इस बारे में बताएं;

• योग्य बुज़ुर्गों और विकलांग मकान मालिकों के लिए, बर्फ हटाने संबंधी आर्थिक सहायता उपलब्ध है। और जानें: ow.ly/D2R050xgPq2.

पिछले वर्ष, ब्रैम्पटन सिटी काउंसिल (Brampton City Council) ने लोकल सड़कों पर सेवा स्तरों को बढ़ाते हुए, बर्फ के 7.5 से.मी. ढेर की बजाय 5.0 से.मी. तक होने पर ही साफ करने की मंज़ूरी दी थी। इसका मतलब है कि कर्मीदलों को सर्दी के मौसम संबंधी घटना के दौरान अधिक जल्दी भेजा जाता है। इसके अलावा, निवासी www.brampton.ca/snow पर सिटी के प्लो ट्रैकर (Plow Tracker) का प्रयोग करते हुए और इस वर्ष नए, 311 मोबाइल ऐप पर देख सकते हैं कि कर्मीदलों ने कौन-सी सड़कें और पगडंडियां साफ की हैं।

सिटी के सर्दी के संचालनों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, www.brampton.ca/snow पर जाएं।

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 650,000 लोगों और 70,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**

मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)

कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट

स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन

905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca